जनपद हमीरपुर

दिनांक 06.04.2026

बैंक व सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा, राजेश एस. एवं पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न बैंक एवं सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की। बैंक परिसर, एटीएम और अन्य संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर उपस्थित नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

चेकिंग के दौरान पुलिस ने आमजन को बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर अपराध और संदिग्ध गतिविधियों से सतर्क रहने की सलाह दी। अधिकारियों ने बैंक कर्मियों और सुरक्षा गार्डों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सभी सीसीटीवी कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हों।